Chapter- 3

# हंस और कछुआ

## STUDY NOTES

मगध देश मे फुल्लोत्मल नामक एक तालाब में दो हंस- संकट और विकट रहते थे। उसी तालाब में एक कछुआ और कई मछलियाँ भी रहती थी। कुछ मछुआरों ने यह तय किया कि वे अगले दिन आकर तालाब की मछलियों को और कछुए को पकड़कर ले जाएँगे। जब कछुए को इस बात का पता चला तो कछुए ने दोनों हंसों से निवेदन किया कि वो उसकी मदद करें और तालाब से कहीं दूर ले जाएँ। दोनों हंसों ने कछुए को बताया कि एक लकड़ी के सहारे वे उसे उडाकर ले जाएँगे। उन्होंने कछुए को बताया लकड़ी को बीच में अपनी मुँह से दबाकर पकडें और बिल्कुल बात न करें। दोनो हंसों ने लकडी के दोनो सिरों को पकड़कर वे उड़ चले। उड़ते कछुए को देखकर गाँववाले आश्चर्यचकित हो गए। कुछ बच्चे बोलने लगे अगर यह गिर पड़ा तो मैं पालूँगा और कुछ ने कहा हम इसे पकड़कर रखेगें कहीं जाने नहीं देंगे। इन सब बातों को सुनकर कछुए को गुस्सा लगा वह अपना संयम खो बैठा और बोल पड़ा। बोलते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और मर गया।

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि मुसीबत के समय मौन रहना ही श्रेष्ठ है। हमें हमेशा संकट की घड़ी में धीरज बनाए रखना चाहिए।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

**मौखिक**

1. श्रुतलेख एवं उच्चारण का अभ्यास-

   योजना पतंग शीघ्र अद्भुत दृश्य बेचैन

2. कम से कम शब्दों में उत्तर दीजिए।

   क) दोनों हसों के क्या नाम था ?

   उ: दोनों हंसों के नाम संकट और विकट था।

   ख) तालाब में कौन रहती थीं ?

   उ: तालाब में मछलियाँ रहती थीं।

ग) मछुआरों ने आपस में क्या विचार किया ?

उ: मछुआरों ने आपस में विचार किया कि वे अगले दिन आकर तालाब की मछलियों को और कछुए को पकडेंगे।

घ) कछुआ क्यों घबराया ?

उ: मछुआरों की बात सुनकर कछुआ घबराया।

**लिखित**

1. सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए-

क) मछुआरों ने तय किया कि वे अगले दिन आकर तालाब की मछलियों और कछुए को पकड़ेंगे। (✓)

ख) कछुए ने बच्चों से निवेदन किया कि वे उसे वहाँ से ले जाएँ। (✗)

ग) कछुए को उड़ना आता था। (✗)

घ) हंस और कछुआ गाँव के ऊपर से उड़ रहे थे। (✓)

ङ) बच्चों की बातें सुनकर कछुए को गुस्सा आ गया। (✓)

2. सही विकल्प चुनकर लिखिए-

क) संकट और विकट नाम के दो **हंस** थे।

(i) तोते (ii) कछुए (iii) कौए (iv) हंस

ख) एक बार कुछ **मछुआरे** वहाँ से गुजर रहे थे।

(i) धोबी (ii) मछुआरे (iii) लोग (iv) जानवर

ग) कछुए को **बच्चों** की बातें सुनकर गुस्सा आ गया।

(i) बच्चों (ii) लोगों (iii) हंसों (iv) मछुआरो

3. दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए-

से, ने, की, को, के, में

क) तालाब **में** बहुत सारी मछलियाँ भी रहती थी।

ख) संकट और विकट <u>ने</u> मछुआरों **<u>को</u>** बात करते हुए सुन लिया था।

ग) कछुए ने हंसो **<u>से</u>** निवेदन किया कि वे उसे वहाँ से ले जाएँ।

घ) वे गाँव **<u>के</u>** ऊपर से उड़ रहे थे।

ङ) कछुए को बच्चों **<u>की</u>** बातें सुनकर गुस्सा आ रहा था।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क) हंसो ने मछुआरों को क्या कहते हुए सुना था?

उ: हंसों ने मछुआरों को बात करते हुए सुन लिया था कि वे अगले दिन आकर तालाब की मछलियों को और कछुए को पकड़ कर ले जाएँगे।

ख) कछुआ हंसों से क्या बोला?

उ: कछुआ ने हंसो से निवेदन किया कि वे उसे तालाब से कहीं दूर ले जाएँ।

ग) हंस कछुए को कैसे उड़ाकर ले गए?

उ: हंस एक लकड़ी के सहारे कछुए को उड़ाकर ले गए।

घ) कछुए को किस पर गुस्सा आ रहा था?

उ: कछुए को बच्चों की बातें सुनकर गुस्सा आ रहा था।

ङ) अंत में कछुए का क्या हश्र हुआ?

उ: अंत में कछुए ने अपना संयम खो बैठा और गुस्से से बोल पड़ा, और वह जमीन पर गिरकर मर गया।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए-

क) संयम न रखने से क्या नुकसान हो सकता है? पाठ के आधार पर लिखिए।

उ: संयम न रखने पर नुकसान ही होता है, जैसे कि हमने पाठ में देखा हंसों ने कछुए को पहले से ही कहा था कि वह न बोले पर कछुआ ने संयम खो बैठा, बोला पड़ा और जमीन पर गिरकर मर गया।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

ख) हमें हमेशा सोच-समझकर बोलना चाहिए, क्या आप इस बात से सहमत है ?

(मूल्यपरक प्रश्न)

उ: हाँ हमें हमेशा सोच-समझकर ही बोलना चाहिए और बोलने के पहले हमें सोचना चाहिए फिर बोलना चाहिए, सही शब्दों का प्रयोग सही जगह में करना चाहिए।

**भाषा-ज्ञान**

1. पढ़िए, समझिए और लिखिए-

संकट, वहाँ, मछलियाँ, कहीं, जाएँ, हंस, मुँह, पतंग, गाँव, मैं

| **अनुस्वार ( ं )** | **अनुनासिक ( ँ )** |
|---|---|
| संकट | वहाँ |
| कहीं | मछलियाँ |
| हंस | जाएँ |
| पतंग | मुँह |
| मैं | गाँव |

2. निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दो के उल्टे अर्थवाले शब्द लिखिए-

क) उनका एक **मित्र** वहाँ रहता था। (शत्रु)

ख) वे तीनों झोंपड़ी के **ऊपर** उड़ रहे थे। (नीचे)

ग) वह जमीन पर गिर पड़ा और **मर** गया। (बच)

घ) बच्चे उनके **पीछे-पीछे** भागने लगे। (आगे-आगे)

3. वाक्यों में सही विराम-चिहनों का प्रयोग कीजिए-

क) देखो कैसा अद्भूत दृश्य है।

उ: "देखो ! कैसा अद्भुत दृश्य है।"

ख) वह अपने बचाव का उपाय सोचने लगा।

उ: वह अपने बचाव का उपाय सोचने लगा !

ODM EDUCATIONAL GROUP Shaping your Tomorrow

ग) आज पाठशाला कॅालेज बाजार बंद है।

उ: आज पाठशाला, कॅालेज और बाजार बंद है।

घ) हंस और कछुआ कहाँ उड़ रहे थे।

उ: हंस और कछुआ कहाँ उड़ रहे थे ?

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow